दैनिक भास्कर 14/05/2023

# 150 स्टूडेंट्स का कंपनियों में चयन



अम्बाला | जीएमएन कॉलेज की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्लेसमेंट सेल ने स्टूडेंट्स के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया। इस अवसर पर 16 कंपनियां और 4 बैंकों ने युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए साक्षात्कार किया जिसमें अधिकतम पैकेज 6 लाख तक गया। रोजगार मेले में 150 स्टूडेंट्स को रोजगार दिया गया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस साल कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, मेडिकल लैब साइंस नए कोर्स शुरू करने जा रहे हैं। इन सभी कंपनियों के साथ कॉलेज ने एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए।